सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

प्रगति प्रतिवेदन

वर्ष 2010–2011

ध्येय : सभी के लिए खाद्य सुरक्षा

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

प्रगति प्रतिवेदन
वर्ष 2010–11

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग

राजस्थान, जयपुर

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	प्रस्तावना	I
2.	विभाग की स्थापना	1-2
3.	कार्य संपादन	3
4.	सार्वजनिक वितरण प्रणाली	3-4
5.	राशन कार्ड	5
6.	उचित मूल्य दुकानों का आवंटन	5-8
7.	सतर्कता समितियां	8-10
8.	शुद्ध के लिये युद्ध	11
9.	रियायती दाल/आटा/खुली बिक्री वितरण	11-12
10.	आवश्यक वस्तुओं का आवंटन, मापदण्ड एवं मूल्य	13-14
11.	एपीएल योजना	14
12.	बीपीएल परिवार	15
13.	अन्त्योदय अन्न योजना	16
14.	अन्नपूर्णा योजना	16-17
15.	राशन टिकिट योजना	17
16.	फूड स्टम्प योजना	17-18
17.	समर्थन मूल्य के अतंर्गत खरीद	18-19
18.	चीनी	19
19.	केरोसीन	20
20.	एलपीजी	21
21.	उपभोक्ता सुरक्षा	22
22.	जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने हेतु कार्यवाही	22
23.	उपभोक्ता संरक्षण	22-28
24.	वास्तविक आय–व्यय एवं संशोधित प्रावधान	28
25.	सूचना का अधिकार	28
26.	परिशिष्ठ– 1 से 8	29-50

प्रस्तावना

क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के इस प्रदेश में अधिकांश भाग रेगिस्तानी और कम वर्षा वाला है। वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार राज्य की जनसंख्या 564.73 लाख है। इस जनसंख्या में 432.68 लाख ग्रामीण और 132.05 लाख शहरी क्षेत्र की जनसंख्या सम्मिलित है। प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की संख्या 25.95 लाख है। इन सभी परिवारों के साथ ही सामान्य परिवारों के लिए भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली का क्रियान्वयन राज्य में आरंभ से ही किया जा रहा है।

देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उद्गम 1960 के दशक में हुई खाद्यान्नों की अत्यधिक कमी से कमी वाले शहरी क्षेत्रों में खाद्यान्नों का वितरण करने पर ध्यान केन्द्रित करके हुआ था। इसके बाद हरित क्रांति के अंतर्गत चूंकि राष्ट्रीय कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई थी, इसलिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विस्तार 1970 और 1980 के दशकों मे आदिवासी ब्लाकों और अत्यधिक गरीबी वाले क्षेत्रों के लिए किया गया था। वर्ष 1992 तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली विशेष लक्ष्यों के बगैर सभी उपभोक्ताओं के लिए एक सामान्य पात्रता योजना थी। सम्पुष्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली जून 1992 में सम्पूर्ण देश में प्रारंभ की गयी थी। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली जून 1997 में प्रारंभ की गई थी।

विभाग की स्थापना

विभाग की स्थापना सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रबंध करने और उचित मूल्यों पर खाद्यान्नों का वितरण करने के लिए की गयी थी। पिछले कुछ वर्षों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली देश में खाद्य अर्थव्यवस्था के प्रबंधन के लिए सरकार की नीति का महत्वपूर्ण अंग बन गई है। इसके अंतर्गत केन्द्र सरकार ने भारतीय खाद्य

निगम के माध्यम से खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण, ढुलाई और बल्क आवंटन करने की जिम्मेदारी ले रखी है। राज्य के अंदर आवंटन, गरीबी रेखा से नीचे के परिवार की पहचान करने, राशन कार्ड जारी करने और उचित मूल्य दुकानों के कार्यकरण का पर्यवेक्षण करने सहित प्रचलनात्मक जिम्मेदारी खाद्य विभाग की है।

राज्य में वर्ष 1964 तक खाद्य एवं सहायता विभाग एक संयुक्त विभाग के रूप में कार्यरत रहे। वर्ष 1964 से सहायता विभाग से अलग होकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग पृथक से अस्तित्व में आया। वर्ष 1987 से विभाग द्वारा उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित कार्य भी संपादित किए जा रहे हैं। दिनांक 21 जून 2001 को विभाग का नाम **'खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले'** विभाग किया गया।

विभाग द्वारा राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रभावी संचालन करने के साथ ही आवश्यक वस्तुओं की बाजार में उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाती है। आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के क्रियान्वयन संबंधित कार्य भी विभाग द्वारा किये जाते है। प्रमुख रूप से विभाग के कार्य इस प्रकार से हैं –

- लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन एवं क्रियान्वयन।
- केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम के लिए राज्य एजेन्सियों के मार्फत खाद्यान्नों की खरीद।
- आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशों का प्रवर्तन।
- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 का क्रियान्वयन एवं उपभोक्ता आन्दोलन को गति देने के लिए विभिन्न गतिविधियॉं का क्रियान्वयन।

कार्य संपादन

उपरोक्त उद्धेश्यों की प्राप्ति के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य संपादित किये जाते हैः–

- भारत सरकार से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरण योग्य आवश्यक वस्तुओं का राज्य की मांग के अनुरूप आवंटन प्राप्त करना एवं आवंटित वस्तुओं को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निर्धारित दरों पर उपभोक्ताओं को वितरण कराना,
- समर्थन मूल्य नीति के अन्तर्गत खाद्यान्नों यथा– गेंहूँ, जौ, मक्का, बाजरा व धान (पैडी) की कीमत निर्धारित मूल्यों से कम होने पर किसानों के हित में भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से क्रय करने में सहयोग करना,
- आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं इसके अन्तर्गत प्रसारित विभिन्न आदेशों के प्रवर्तन व कालाबाजारी निवारण एवं आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, 1980 के आदेश के अन्तर्गत जमाखोरी व कालाबाजारी के विरूद्ध कार्यवाही करना
- उपभोक्ता हितों के संरक्षण के लिए गठित राज्य आयोग एवं जिला मंचों की प्रशासनिक व्यवस्था संबंधी कार्य करना।
- उपभोक्ता आंदोलन को गति देने संबंधी कार्य करना।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्नों के मूल्यों में वृद्धि को नियंत्रित करने और उपभोक्ताओं के लिए खाद्यान्नों की पहुंच सुनिश्चित करने में पर्याप्त रूप से योगदान दिया है। देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बाद वर्ष 1997 में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रारंभ की गई थी।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रमुख रूप से निम्न उद्धेश्य हैं–

- आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना
- आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्यों को स्थिर रखना।
- कुछ मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना।

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राज्य में गेहूँ, चावल, चीनी एवं केरोसीन तेल उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरित किये जाते हैं। उक्त वस्तुयें निर्धारित मात्रा में निश्चित मूल्य लेकर उपभोक्ताओं को राशन कार्ड के आधार पर दी जाती हैं। भारत सरकार से खाद्यान्न आवंटित किए जाने के आदेशों के पश्चात राज्य के जिलों हेतु खाद्यान्न नियत अवधि में उठाव व्यवस्था के साथ उप आवंटन जारी किया जाता है। जिलों में जिला कलक्टर्स द्वारा तहसील /पंचायत समिति अनुसार किये गये आवंटन के आधार पर संबंधित थोक विक्रेता के माध्यम से आवंटित वस्तुएं उचित मूल्य दुकान तक पहुंचाई जाती है। राज्य में वर्तमान (दिसम्बर, 10) में कुल 176 थोक विक्रेता है।

आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए राज्य में कुल 23491 उचित मूल्य की दूकाने स्थापित है, जिनमे से 5360 शहरी क्षेत्र में एवं 18131 दुकाने ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत है। विभाग के आदेश 15.11.2002 द्वारा भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप विशेष भौगोलिक परिस्थितियों में 2000 ईकाइयों पर भी उचित मूल्य की दुकान खोली जा सकती है। संभाग एवं जिलेवार उचित मूल्य दुकानों की सूचना **परिशिष्ठ "1"** पर अंकित हैं।

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को खाद्यान्नों की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु राज्य में राशन टिकिट व्यवस्था लागू की गई है ताकि खाद्य सामग्री की लाभार्थी तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 2010–11 मे विभिन्न खाद्यान्न योजनाओं मे अप्रेल, 10 से दिसम्बर,10 तक आवंटन–उठाव परिशिष्ठ 2 पर स्थित है।

राशन कार्ड

राज्य में पृथक–पृथक श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये पृथक–पृथक रंगों के राशन कार्ड दिये जाने की व्यवस्था है।

योजना (परिवार)	राशन कार्ड का रंग	योजना की पात्रता (योग्यता)
1– एपीएल क– डबल गैस सिलेण्डर धारक ख– सिंगल गैस सिलेण्डर धारक	 नीला हरा	 सामान्य उपभोक्ता सामान्य उपभोक्ता
2– बीपीएल	गहरा गुलाबी	ग्राम सभा/नगर निगम/नगर पालिका द्वारा चयनित बीपीएल परिवार।
3– अन्त्योदय अन्न योजना	पीला	ग्राम सभा/नगर निगम/नगर पालिका द्वारा चयनित अंत्योदय अन्न परिवार

इसी प्रकार राशन कार्डों की श्रेणीवार संख्या निम्नानुसार है:–

- ए.पी.एल. : 122.73 लाख
- बी.पी.एल. : 16.63 लाख
- अन्त्योदय अन्न योजना : 9.32 लाख
- स्टेट बीपीएल : 9.63 लाख

उचित मूल्य दुकानों का आवंटन

उचित मूल्य की दुकान आँवटन के लिए रिक्त/उपलब्ध होने पर जिला रसद अधिकारी द्वारा सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए जिला रसद अधिकारी की अध्यक्षता में उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति गठित की हुई है। इस समिति में शहरी/ग्रामीण क्षेत्रो के लिए निम्न प्रकार गठन किया हुआ है।

- **शहरी क्षेत्र हेतु**

समिति में विभागीय अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) के अतिरिक्त नगर निगम/ परिषद/ नगर पालिका का अध्यक्ष/प्रशासक या उसके द्वारा मनोनीत जन प्रतिनिधि/ अधिकारी, तहसीलदार, तथा राज्य सरकार द्वारा मनोनीत उसी क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्त्ता, उपभोक्ता एवं महिला उपभोक्ता उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति में सम्मिलित हैं।

- **ग्रामीण क्षेत्र हेतु**

समिति मे विभागीय अधिकारी (जिला रसद अधिकारी) के अतिरिक्त सम्बधित ग्राम पंचायत का सरपंच, तहसीलदार, तथा राज्य सरकार द्वारा मनोनीत उसी क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, उपभोक्ता, महिला उपभोक्ता उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति में सम्मिलित हैं।

आवंटन सलाहकार समिति द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार कर अपनी अभिशंषा जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की जाती है। आँवटन सलाहकार समिति की सिफारिशों के आधार पर जिला कलेक्टर द्वारा उचित मूल्य दुकानों के लिए प्राधिकार पत्र जारी किये जाते हैं।

विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 17(1) खा.वि/विधि/2008 दिनांक 27.02..2009 के द्वारा आवंटन सलाहकार समिति के सदस्यों के मध्य किसी व्यक्ति /संस्था पर सहमति अथवा पात्रता के बारे में मतभेद होने पर कमेटी द्वारा की गई अभिशंषा को ज़िला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। जिला कलक्टर ऐसे प्रकरणो को स्वंय के स्तर पर गुणावगुण के आधार पर निर्णित करेगे।आवंटन सलाहकार समिति प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार कर अपने अभिशंषा जिला कलक्टर को प्रस्तुत करेगी। व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा आवेदकों के प्रार्थना पत्रो पर विचार के समय निम्न प्राथमिकता क्रम को ध्यान में रखा जायेगा।

1. "महिला स्वयं सहायता समूह जो राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग या अन्य किसी विभाग के अन्तर्गत राजकीय कार्यक्रमों के संचालन हेतु चयनित अथवा मान्यता प्राप्त हो।"
2. सहकारी समितियां (जो कि सहकारी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत हैं)
3. शिक्षित बेरोजगार
4. अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्ति
5. महिलायें–विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को प्राथमिकता दी जावेगी।
6. भूतपूर्व सैनिक अथवा उनकी विधवा।

- उचित मूल्य दुकानदार की मृत्यु होने की स्थिति में उसके आश्रितों को प्राथमिकता क्रम के आधार पर उचित मूल्य दुकान आवंटित किये जाने का प्रावधान है।
- विभागीय आदेश क्रमांक 17(1) खा.वि./विधि/08 दिनांक 06.10.09 एवं 8.12.2010 के द्वारा उचित मूल्य दुकानो की नियुक्ति में आरक्षण व्यवस्था लागू की गई है। अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग एवं विशेष अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु क्रमशः 16, 12, 21 एवं 1 प्रतिशत आरक्षण होगा।
- उचित मूल्य की दुकानो की नियुक्ति में निःशक्तजनो के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। निःशक्तजनो के लिए आरक्षण प्रत्येक वर्ग यथा सामान्य, अ. जा.,अ.ज.जा. एवं अन्य पिछडा वर्ग के व्यक्तियो को किये गये आरक्षण हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार ही देय होगा । अर्थात 3 प्रतिशत आरक्षण प्रत्येक वर्ग में निःशक्तजनो की उपलब्धता के आधार पर दिया जायेगा।
- विभागीय परिपत्र क्रमांक एफ 17(11) खा.वि./विधि/09 दिनांक 22.01.2010 के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा 2009–2010 के क्रियान्विति हेतु महिला सहकारी समितियो एवं जनजाति क्षेत्रो में लैम्प्स के माध्यम से

सहकारिता विभाग द्वारा चिन्हित स्थानो पर 500 उचित मूल्य दुकान आवंटित किये जाने हेतु जारी की गई सूची के अनुसार सामान्य वर्ग के लिए अनारक्षित 50 प्रतिशत कोटे में से उक्त उचित मूल्य दुकान आवंटित की जावेगी। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान किये जाने का प्रावधान है।

सतर्कता समितियाँ

वितरण व्यवस्था पर निगरानी हेतु राज्य सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर सतर्कता समितियों का निम्नानुसार गठन किया गया है–

- **जिला स्तरीय निगरानी समिति :–**

प्रत्येक जिले में दिनांक 03.09.09 को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन कर दिया गया है। जिला स्तरीय निगरानी समिति के अध्यक्ष जिला कलक्टर हैं। जिले में पदस्थापित सहकारिता विभाग का वरिष्ठतम प्रतिनिधि, राज्य सरकार द्वारा नामित ऐसे तीन गैर सरकारी व्यक्ति जो उपभोक्ता कल्याण के क्षेत्र में गहरी रूचि रखते हैं वे सदस्य एवं जिला रसद अधिकारी उक्त समिति के सदस्य सचिव होंगे।

समिति की माह में कम से कम एक बैठक करनी होगी। आवश्यकतानुसार कमेटी एक माह में एक से अधिक मीटिंग भी आयोजित कर सकती है।

- **जिला स्तरीय सतर्कता समिति :–**

जिला स्तरीय सतर्कता समिति का गठन राज्य सरकार द्वारा किया हुआ है। जिला स्तरीय सतर्कता समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर है। जिले के समस्त सांसद, विधायक, जिला प्रमुख, जिले के समस्त प्रधान/पंचायत समिति, जिले के समस्त नगर पालिकाओ/ परिषदों/निगमों के अध्यक्ष/प्रशासक, उपखण्ड अधिकारी/तहसीलदार, उपभोक्ता संगठनों के दो प्रतिनिधि (जिला कलेक्टर द्वारा मनोनीत) सदस्य है तथा जिला रसद अधिकारी समिति के सदस्य सचिव है।

- **तहसील स्तरीय सतर्कता समिति–**

तहसील स्तरीय सतर्कता समिति का गठन किया हुआ है। जिसमें प्रधान पंचायत समिति अध्यक्ष है, उपखण्ड अधिकारी/तहसीलदार उपाध्यक्ष है। शेष स्थानीय निकाय (नगर पालिका) के दो सदस्य, पंचायत समिति के दो सस्दस्य, स्थानीय विधायक, विकास अधिकारी, पंचायत समिति, दो उपभोक्ता (मनोनयन द्वारा), सामाजिक/उपभोक्ता संगठन के दो सदस्य, समिति के सदस्य है तथा संबंधित प्रवर्तन अधिकारी/प्रवर्तन निरीक्षक इसके सदस्य सचिव है।

- **उचित मूल्य दुकान स्तरीय सतर्कता समिति–**

प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान पर सतर्कता समिति के गठन के निर्देश दिये गये हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र में वार्ड पार्षद, अध्यक्ष हैं, सामाजिक कार्यकर्ता (2) उपभोक्ता (1) सेवा निवृत अधिकारी, कर्मचारी (स्थानीय निवासी) एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच अध्यक्ष है, उपभोक्ता (1) संबंधित विद्यालय का प्रधानाध्यापक/अध्यापक, सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी (स्थानीय निवासी) उपभोक्ता/सामाजिक संगठन का कार्यकर्ता, पंच (1) सदस्य है। ये समितियां सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित होने वाली वस्तुओं की आमद, वितरण व्यवस्था और दुकान संचालन पर निगरानी रखती हैं। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय सतर्कता समितियॉ अलग से गठित हैं।

विभाग के परिपत्र कमांक एफ 97(3)खावि/साविप्र/97–II दिनांक 11.05.1999 द्वारा सतर्कता समितियों के गठन बाबत विस्तार से दिशा निर्देश जारी किये गये है। विभाग द्वारा सतर्कता समितियों में गैर सरकारी सदस्यों के मनोनयन हेतु पुनः कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु आदेश दिये गये है ताकि समितियां सशक्त रूप से अपने दायित्व को निभा सके। राज्य स्तरीय सतर्कता समिति के गठन का प्रस्ताव विचाराधीन है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को प्रभावी बनाए जाने के क्रम में विभाग द्वारा निम्नांकित कदम उठाए गए है :–

- लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को खाद्यान्न की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु राज्य में राशन टिकिट व्यवस्था लागू की गई है।
- उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु नवीन दिशा–निर्देश दिनांक 27.02.2009 को जारी किये हुये हैं।
- शैक्षणिक योग्यता हेतु आवेदक के लिये 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, लेकिन जनजाति उपयोजना क्षेत्र व बारां जिले की शाहबाद किशनगंज तहसीलों के लिए अनुसूचित जनजाति/सहरिया व्यक्तियों के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं कक्षा उत्तीर्ण का प्रावधान किया हुआ है।
- प्रवर्तन अधिकारियो/निरीक्षकों के निरीक्षण व भ्रमण को प्रभावी बनाना।
- नियन्त्रित वस्तुओं की उचित मूल्य दुकान पर पहुंच सुनिश्चित कराने एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली को ओर प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उचित मूल्य दुकान स्तर पर अनलोडिंग के समय सतर्कता समिति के सदस्यों, पटवारी, ग्रामसेवक, एएनएम, प्रधानाध्यापक अथवा किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा सत्यापन कराये जाने के निर्देश जारी किये गये।
- सम्पूर्ण राज्य में उचित मूल्य दुकानों के खुली रहने के समय में एक रूपता की गई है :–

माह	समय
उपभोक्ता सप्ताह 15 से 21 तारीख	प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक (अपराहन 1 से 2 बजे तक भोजन अवकाश)
1 अप्रेल से 30 सितम्बर तक	प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक
1 अक्टूबर से 31 मार्च तक	प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक

साप्ताहिक अवकाश का दिन निर्धारित करने के लिए जिला कलक्टर को अधिकृत किया गया है।

विभाग के इस वर्ष के अभिनव कार्य एवं योजनाऐं

(I) "शुद्ध के लिए युद्ध" :

राज्य सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों की कालाबाजारी, जमाखोरी व मिलावट एवं दुरूपयोग को रोके जाने तथा प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए दिनांक 22 जून, 2009 से **"शुद्ध के लिए युद्ध अभियान"** चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के सार्थक परिणामों को देखते हुए जनहित में इस अभियान को निरन्तर चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान खाद्य, उद्योग, कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वायत्त शासन तथा पशु पालन एवं डेयरी विभाग के समन्वय से संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत खाद्य विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। 22 जून, 2009 से 31 दिसम्बर, 2010 तक **"शुद्ध के लिए युद्ध अभियान"** के अन्तर्गत की गई कार्यवाही का **विवरण परिशिष्ठ – 2 (ब) पर संलग्न है।**

(II) रियायती दालों का वितरण :

राज्य में दालों की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एवं उपभोक्ताओं को रियायती दर पर विभिन्न किस्म की दाल उपलब्ध कराये जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा बाहर से दालों एवं खाद्य तेल (सोयातेल) का आयात किया गया है।

(A) भारत सरकार की अनुदानित दर पर आयातित दाल योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा 6276 मै. टन का एन.सी.सी.एफ. के माध्यम से आयात किया गया। दाल मिलों के माध्यम से दाल तैयार कराई जाकर जिलों में आवंटित 5774 मै. टन मटर दाल का 13.50 रुपये प्रति किलो की दर से जिला एवं तहसील मुख्यालयों के उपभोक्ताओं को प्रति राशन कार्ड 2 किलो के पैक में उचित मूल्य की दुकान, उपभोक्ता भण्डार एवं डेयरी बूथों के माध्यम से उपभोक्ताओं को मटर दाल वितरित की जा चुकी है।

इसी प्रकार 15000 मै. टन पीला मटर का एन.सी.सी.एफ. के माध्यम से और आयात किया गया, जिसमें से विभाग को प्राप्त 12460 मै. टन पीला मटर से दाल तैयार कराई जाकर प्रदेश के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर 13.50 रूपये प्रति किलो की दर से उचित मूल्य दुकानों/ डेयरी बूथों एवं उपभोक्ता भण्डारों के माध्यम से प्रति राशन कार्ड 2 किलो मटर दाल दो माह में एक बार उपलब्ध कराई जा रही है। 31 दिसम्बर, 2010 तक 7723.448 मै.टन मटर दाल उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा चुकी है। शेष का वितरण जारी है।

(B) सोयातेल (खाद्य तेल):– भारत सरकार को आयातित खाद्य तेल योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा (भारत सरकार का उपक्रम) स्टेट ट्रेनिंग कॉर्पोरेशन (STC) नई दिल्ली के माध्यम से 5000 मै. टन सोया तेल का आयात किया जाकर माह नवम्बर, 2010 से जिला मुख्यालयों पर उचित मूल्य की दुकानों एवं उपभोक्ता भण्डारों के माध्यम से 41/– रूपये प्रति लीटर की दर से प्रति राशन कार्ड 1 लीटर के पोलिपैक में उपभोक्ताओं को दिसम्बर, 2010 तक 3071 के. एल. सोया तेल उपलब्ध कराया जा चुका है, जिसका वितरण जारी है।

(III) एपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत आटा वितरण योजना :–

राज्य में मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए आटा वितरण की योजना लागू की गई। गेहूँ आटे की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एवं उपभोक्ताओं को रियायती दर पर गेहूँ आटा उपलब्ध कराये जाने के लिए राज्य में प्रारम्भिक तौर पर सभी 7 संभागीय मुख्यालयों (अजमेर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा एवं भरतपुर) की नगरीय सीमा में ए.पी.एल. श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए आटा 5 जिला मुख्यालय (भीलवाड़ा, बाड़मेर, नागौर, चूरू एवं सिरोही जिलों को छोडकर) अन्य समस्त जिलों की नगरीय सीमा में एवं जयपुर, जोधपुर के सम्पूर्ण जिले में आटा एपीएल लाभार्थियों में वितरण मई, 2010 से लगातार किया जा रहा है। गेहूँ आटा योजना माह

अक्टूबर, 2009 से प्रारम्भ की गई है, जिसमें प्रति राशन कार्ड 5 एवं 10 किग्रा. की पैकिंग में 10 किग्रा. प्रति राशन कार्ड प्रति माह 9.00 रूपये प्रति किग्रा. की दर से वितरण किया जा रहा है। इस योजना में ए.पी.एल. श्रेणी के उपभोक्ताओं को माह दिसम्बर, 2009 तक 29477 मै. टन आटा वितरण किया गया है।

(IV) विशेष तदर्थ लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (**TPDS**) के अन्तर्गत आवंटित (गेहूँ + चावल) आटा वितरण–

सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं (एपीएल, बीपीएल एवं अन्त्योदय) हेतु विशेष तदर्थ लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (TPDS) के अन्तर्गत प्राप्त गेहूँ एवं चावल का जिलों को उप आवंटन जारी किया जा चुका है। इस गेहूँ की विक्रय दर 9.50 रूपये प्रति किलो एवं इसका आटा भी बनाकर 11.20 रूपये प्रति किलो की दर से राज्य के सभी जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय पर माह जून, 2010 से लगातार वितरण किया जा रहा है।

चावल की विक्रय दर 13.00 प्रति किलो निर्धारित की गई है। इसका वितरण भी समस्त संभागीय मुख्यालय तथा शेष जिलों में भी कराया जा रहा है।

(V) एपीएल योजना में 9.50 रूपये प्रति किलो के हिसाब से 2 किलो चावल प्रति राशन कार्ड प्रति माह अगस्त, 2010 से जनवरी, 2011 तक के लिए दिया गया है।

आवश्यक वस्तुओं का आवंटन, मापदण्ड एवं मूल्य

राज्य में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण योग्य वस्तुओं की मात्रा एवं मूल्य निम्न प्रकार निर्धारित है :–

नाम वस्तु	बी.पी.एल. / स्टेट बीपीएल	अन्त्योदय अन्न योजना	अन्नपूर्णा	ए.पी.एल.
गेहूँ	रू. 2.00 (प्रति किलो)	रू. 2.00 (प्रति किलो)	निःशुल्क	रू. 7.00 (प्रति किलो)
चावल	रू. 6.50 (प्रति किलो)	रू. 3.00 (प्रति किलो)	–	रू. 9.50 (प्रति किलो)
खाद्यान्न की मात्रा (प्रतिमाह)	25 किग्रा	35 किग्रा	10 किग्रा	10 किग्रा

बी.पी.एल. परिवारों को चीनी 500 ग्राम प्रति ईकाई प्रति माह, रूपये 13.50 प्रति किलोग्राम की दर से वितरित की जाती है। वर्तमान में नीला केरोसीन (डबल गैस सिलेण्डर धारक को छोड़कर) सिंगल गैस सिलेण्डर धारक को 2 लीटर एवं शेष सामान्य राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को केरोसीन 3 लीटर प्रतिमाह प्रति राशनकार्ड पर रूपये 13.75/– की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।

वर्ष 2005 की जनसंख्या ऑकड़ों पर उपरोक्त आवंटन मात्रा भारत सरकार से निर्धारित है, परन्तु राज्य में वर्तमान में बढ़े हुए उपभोक्ताओं की संख्या के आधार पर बी.पी.एल. /स्टेट बीपीएल परिवारों को 25 किग्रा. एवं ए.पी.एल. श्रेणी के परिवारों को 10 किग्रा. प्रति माह गेहूँ का आटा वितरण किया जा रहा है।

एपीएल योजना

सामान्य वर्ग के लोगों को एपीएल श्रेणी का माना गया है। इस योजना में वर्तमान में 122.73 लाख राशन कॉर्डो की संख्या है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत एपीएल परिवारों के लिए गेंहूँ 7.00 पैसे प्रति किलोग्राम प्रतिमाह 35 किलोग्राम प्रति परिवार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। वर्तमान में राज्य के अधिकांश एपीएल परिवारों को लगभग 10 किलो. गेहूँ/आटा प्रति परिवार प्रतिमाह उपलब्ध करवाया जा रहा है।

पूर्व में केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के एपीएल परिवारों के लिये 1,57,682 मैं. टन गेंहूँ प्रतिमाह को आवंटित किया जा रहा था। किन्तु माह जून, 06 से इसमें भारी कटौती करते हुए राज्य को आवंटन 17204 मैं. टन प्रतिमाह कर दिया गया। जिस पर विभाग द्वारा एपीएल मात्रा बढाने बाबत भारत सरकार को पत्र लिखे गये एवं माननीय मुख्य मंत्री महोदय के विशेष प्रयासों से भारत सरकार से राज्य को नियमित आवंटन 17204 मै. टन से बढ़ाकर 64360 मै. टन मार्च 2010 से लगातार मार्च, 2011 तक के लिए कर दिया गया है। अगस्त, 2010 से जनवरी, 2011 तक 25744 मै. टन गेहॅं एवं 6436 मै. टन चावल भी भारत सरकार से राज्य को विशेष तदर्थ एपीएल योजना में प्राप्त हो गया है।

बीपीएल परिवार :

केन्द्र सरकार की योजनानुसार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली जून, 1997 से प्रारम्भ की गई थी। बीपीएल सेन्सस 1997 के आधार पर राज्य में चिन्हित परिवारों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 20.97 लाख तथा शहरी क्षेत्रों में बीपीएल सेंसस 2003 के अनुसार 4.87 लाख बीपीएल परिवार हैं, इस प्रकार कुल बीपीएल परिवारों की संख्या 25.84 लाख हो गई है। इन 25.84 लाख बीपीएल परिवारों में से 9.32 लाख अन्त्योदय परिवारों को कम करने पर 16.52 लाख शुद्ध बीपीएल परिवारों की संख्या रह जाती है।

माननीय मुख्य मंत्री महोदय द्वारा विधान सभा में की गई घोषणा के अनुसरण में वर्ष 2002 के ग्रामीण बीपीएल सर्वे में पहली बार चयनित बीपीएल परिवार तथा स्टेट बीपीएल परिवार (वर्ष 1997 की बीपीएल चयनित सूची में चयनित तथा वर्ष 2002 की बीपीएल चयनित सूची से वंचित लाभार्थी) को माह मई, 2010 से 2.00 रूपये प्रति किलो की दर से 25 किलो गेहूँ प्रति माह प्रति परिवार खाद्यान्न देने की घोषणा की पालना में राज्य में 1663483 बीपीएल एवं 962850 स्टेट बीपीएल परिवारों को वितरण करने के आदेश जारी किए गए है। साथ ही भारत सरकार से प्राप्त विशेष एक मुश्त बीपीएल गेहूँ आवंटन का जिलों को उप आवंटन 5.00 रूपये प्रति किलो की दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। बीपीएल गेहूँ का आटा भी तैयार कर 7.00 रूपये प्रति किलो की दर पर 10 किलो के पैकेट में वितरण कराया जा रहा है। माह अक्टूबर, 2010 से पॉच माह तक के लिए ही वितरण किया जा रहा है।

इन्हें निम्नानुसार खाद्य सामग्री का आवंटन किया जाता है:-

	नाम सामग्री	मूल्य (रूपयों में)	मात्रा (प्रति माह)
बीपीएल	गेहूँ	2.00	25 किलोग्राम प्रति राशन कार्ड
	चावल	6.50	
	चीनी	13.50	500 ग्राम प्रति यूनिट
	केरोसीन	13.75	2–5 लीटर प्रति राशन कार्ड

अन्त्योदय अन्न योजना

यह योजना मार्च, 2001 में प्रारम्भ की गई है ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के निर्धनतम वर्ग को सहायता प्रदान करने के संकल्प को परिलक्षित करती है।

अन्त्योदय अन्न योजना के तहत वह परिवार/लक्षित समूह है, जो मुख्यतः बीपीएल परिवारों में से अत्यधिक गरीब है। इस योजना के अन्तर्गत लक्षित परिवारों की क्रय शक्ति को ध्यान में रखते हुए अनुदानित दर पर गेंहूँ 2/– रूपये प्रति किलोग्राम एवं चावल 3/– रूपये प्रति किलोग्राम से प्रति माह प्रति परिवार 35 किलोग्राम खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है।

योजना में प्रारंभ से लाभान्वितों का विवरण निम्नानुसार है :–

चयन हेतु अनुमत संख्या		चयनित परिवार (लाख)
सामान्य	3.72600	3.72600
प्रथम विस्तार 2003.2004	1.86500	1.86500
द्वितीय विस्तार 2004.2005	1.79000	1.79000
तृतीय विस्तार 2005.2006	1.94000	1,94,000
महायोग	9.32100	9,32,100

अन्नपूर्णा योजना

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) अंतर्गत 65 वर्ष से अधिक आयु के असहाय वृद्ध व्यक्तियों को जो वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने के पात्र हैं, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन अथवा राज्य वृद्धावस्था पेंशन दोनों में से कोई भी नहीं मिल रही है, ऐसे पात्र व्यक्तियों को अधिकारिता पत्र (गुलाबी रंग का प्राधिकार पत्र) के आधार पर 10

किलोग्राम गेंहूँ प्रति माह निःशुल्क दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना अन्तर्गत चयनित व्यक्तियों को गेंहूँ का वितरण त्रैमासिक रूप से किया जाता है। वर्तमान में वर्ष 2001–02 में चयनित व्यक्तियों के लिए ही भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

योजना में लाभान्वितों का विवरण निम्नानुसार है :–

चयनित वर्ष	चयनित लाभान्वित संख्या	10 किलो प्रति माह के अनुसार मांग (Kg. प्रति माह)	वर्तमान आवंटन (वार्षिक) (मै. टन)	दर
2001–02	105293	1052930	12635	निशुल्क

योजना में 2010–11 में आवंटन एवं उठाव **परिशिष्ठ – 2** एवं योजनावार परिवारों की सूची **परिशिष्ठ – 2** "अ" पर स्थित है।

राशन टिकट योजना

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत बीपीएल, अन्त्योदय योजना के राशन कार्डधारकों एवं अन्नपूर्णा के अधिकार पत्रधारियों को वितरित किये जाने वाले खाद्यान्नों को लक्षित समूह तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राशन टिकिट योजना लागू की गई है। बीपीएल, अन्त्योदय एवं अन्नपूर्णा योजना के पूर्व अंकित मात्रा के राशन टिकिट वर्ष 2009–10 के लिए सभी जिला रसद अधिकारियों को वितरण किये जाने हेतु उपलब्ध कराये जा चुके हैं, जिनका वितरण वर्ष 2010–11 में किया गया है। बीपीएल /अन्त्योदय अन्न योजना /अन्नपूर्णा योजना के उपभोक्ताओं द्वारा उचित मूल्य दुकानदार को राशन कार्ड के साथ राशन टिकिट उपलब्ध कराने पर ही खाद्यान्न उपलब्ध कराया जावेगा।

फूड स्टेम्प योजना

वर्ष 2004 से प्रारम्भ की गई यह योंजना "भूख से मुक्ति" हेतु सहायता एवं आपदा प्रबन्धन विभाग को स्थानान्तरित हो गई है, जिसका क्रियान्वयन खाद्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस फूड स्टेम्प योजना के अन्तर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के

सरपंचों को 10–10 किलोग्राम के 100 फूड स्टेम्प प्रति वर्ष उपलब्ध कराये जा रहे हैं। खाद्यान्न के अभाव में भूख से पीड़ित किसी भी व्यक्ति को तात्कालिक सहायता के रूप में 10 किलोग्राम गेहूँ का फूड स्टेम्प दिया जाता है। इस फूड स्टेम्प के आधार पर पीड़ित व्यक्ति उचित मूल्य की दुकान से बिना कोई भुगतान किये (निःशुल्क) 10 किलो गेहूँ वर्ष में एक बार प्राप्त कर सकता है।

समर्थन मूल्य के अन्तर्गत खरीद

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो व अनुचित व्यापारिक प्रवृतियों से किसानों की सुरक्षा की जावे इसी दृष्टिकोण को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार द्वारा समय–समय पर कृषि जिन्सों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। विभाग द्वारा भारतीय खाद्य निगम के लिए राज्य एजेन्सियों के मार्फत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर निम्न जिंसों का संग्रहण (प्रोक्योरमेंट) किया जाता है–

रबी फसल– गेहूँ व जौ, धान (पैडी)

खरीफ फसल में मोटे अनाज यथा बाजरा, ज्वार व मक्का

(अ) विपणन वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 में भारत सरकार द्वारा रबी एवं खरीफ के लिए निम्न प्रकार समर्थन मूल्य घोषित किये गये हैं:–

(समर्थन मूल्य रूपये प्रति क्विंटल में)

		वर्ष 2009–2010	वर्ष 2010–11
रबी	गेहूँ	1080	1120
	जौ	680	780
खरीफ (मोटे अनाज)	बाजरा व ज्वार	840	880
	मक्का	840	880

भारतीय खाद्य निगम, राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम व राजफैड द्वारा राज्य में रबी विपणन वर्ष 2008–09 में 9.35 लाख मै.टन गेहूँ एवं वर्ष 2009–10 मे 11.52 लाख मै. टन एवं वर्ष 2010–11 में 475894 मै.टन गेहूँ की खरीद की गई है। खरीफ विपणन वर्ष

2009–10 में राज्य की विभिन्न मण्डियों में बाजरा व मक्का के भाव समर्थन मूल्य से अधिक रहने के कारण बाजरा व मक्का की कोई खरीद नहीं की गई है एवं वर्ष 2010–11 में बाजरा की 17.95 MT खरीद की गई

(ब) पैडी (धान) :

वर्ष 2008–09 में धान समर्थन मूल्य पर क्रय नहीं किया गया;तथा वर्ष 2008–09 में पैडी की खरीद शुन्य रही है । पैडी/धान का समर्थन मूल्य भारत सरकार द्वारा वर्ष 2010–11 में निम्न प्रकार से निर्धारित किया गया–

धान	दर रूपये प्रति क्विंटल
कामन	1000
ग्रेड–ए	1030

चीनी :

केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को वर्ष 01.03.2000 की बीपीएल जनसंख्या के आधार पर फरवरी, 2001 से लगभग 7460 मै. टन लेवी चीनी का आवंटन प्राप्त हो रहा था, जिसे बीपीएल राशन कार्डधारकों को प्रति माह 500 ग्राम चीनी प्रति यूनिट 13.50 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराया जा रहा था। जनवरी, 2009 से राज्य को 7458.1 मै. टन लेवी चीनी का आवंटन प्राप्त हो रहा है तथा अक्टूबर, 2010 व नवम्बर, 2010 में क्रमशः 10005.3 मै. टन चीनी का आवंटन प्राप्त हुआ है। इसमें सुरक्षा बलों का कोटा भी शामिल है। इसे सभी जिलों से समानुपातिक रूप से आवंटित कर दिया जाता है। वर्षवार चीनी के आवंटन एवं उठाव की स्थिति **परिशिष्ठ – 3** पर संलग्न है।

विभागीय परिपत्र संख्या एफ. 17(45)खा.वि./विधि/76–II दिनांक 24.02.05 द्वारा घर से दूर अध्ययनरत छात्रों को प्रति राशन कार्डवार 500 ग्राम की मात्रा में प्रति माह लेवी चीनी उपलब्ध कराई जाने का प्रावधान किया गया है। जिलों में छात्रों के राशन कॉर्ड बनाये जाने हेतु उनके संस्था/स्कूल/कॉलेज प्रमुखों को प्राधिकृति किया हुआ है तथा समस्त जिला रसद अधिकारियों को नोड़ल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया हुआ है।

केरोसीन :

राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत भारत सरकार के पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली से माह अगस्त, 2010 से (त्रैमासिक रूप में) प्रति माह 42636 के.एल. का आवंटन प्राप्त हो रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्राप्त नीला केरोसीन केवल खाना पकाने एवं रोशनी के उद्धेश्य से वितरण कराया जाता है। प्राप्त आवंटन का एक निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत जिलों को उप आवंटन किया जाता है। वर्तमान में रसोई गैस के डी.बी.सी. होल्डर्स राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को केरोसीन नहीं दिया जाता है। रसोई गैस के सिंगल गैस कनेक्शन राशन कार्ड उपभोक्ताओं को दो लीटर प्रति माह प्रति राशन कार्ड तथा शेष सामान्य राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को 3 लीटर प्रति माह प्रति राशन कार्ड की मात्रा में वितरण किया जाता है। वर्षवार केरोसीन के आवंटन व उठाव की सूचना परिशिष्ठ–4 पर संलग्न है।

माननीय खाद्य मंत्री महोदय के निर्देशानुसार ऑयल कम्पनियों को निर्देशित किया गया है कि केरोसीन का डायवर्जन रोकने के लिए केरोसीन के डीलरों को 6 माह में भूमिगत स्टोरज टैंक बनाने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं तथा जिला कलक्टर्स को भी यह निर्देश जारी किए गए हैं कि रूट चार्ट बनाकर जो भी टेंकर तेल कम्पनी से तेल लेकर रवाना होता है वह इसकी सूचना कलक्टर को दे और कलक्टर रूट चार्ट के अनुसार संबंधित तहसील /एस.डी.ओ. को निर्देश देवें कि टेंकर आ रहा है उसका सत्यापन किया जावे और डी.एस.ओ. कम्प्यूटर से ट्रांसमिशन करेंगे कि कौन–सा टैंकर कब और कहॉ के लिए रवाना हो रहा है।

वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत केरोसीन का राज्य में समान वितरण दर से वितरण कराने हेतु माह जुलाई, 2010 से केरोसीन की समान वितरण दर 13.75 रूपये प्रति लीटर कर दी गयी है।

एल.पी.जी. :

घरेलू गैस रिफिल का राज्य में पंजीकृत उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार नियमित रूप से उपलब्धता के संबंध में राज्य सरकार पूर्ण रूप से सतर्क है। घरेलू गैस का व्यवसायिक ईंधन के रूप में प्रयोग को रोकने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रभावी कदम उठाये गये हैं तथा जिला प्रशासन एवं तेल कम्पनियों को निर्देशित किया गया है। सभी जिलों में मिठाई की दुकानों, रेस्टोरेंट, वाहनों में दुरूपयोग आदि पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग करने पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण का विनियमन) आदेश, 2000 के अंतर्गत कार्यवाही कर प्रकरण बनाये गये है। घरेलू गैस सिलेण्डर 14.2 किलोग्राम एवं वाणिज्यिक गैस सिलेण्डर 19 किलोग्राम में उपलब्ध हैं। राज्य में कुकिंग गैस (एलपीजी) का वितरण आईओसी, एचपीसी एवं बीपीसी तेल कम्पनियां कर रही हैं। उपरोक्त कम्पनियों से प्राप्त सूचना के अनुसार जनवरी 2010 तक कुल 4744268 घरेलू गैस कनेक्शन हैं जिनमें से 2651791 डीबीसी एवं 2092477 सिंगल गैस कनेक्शन जारी किए हुए है।

माननीय खाद्य मंत्री महोदय की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वयक एवं तेल विपणन कम्पनियों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें रसाई गैस की आपूर्ति, नये गैस कनेक्शन जारी करने एवं बैकलॉग खत्म किये जाने के साथ टॉल फ्री नम्बर सिलेण्डर पर अंकित करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश में गैस एजेन्सियों द्वारा नये गैस कनेक्शन जारी करने पर निर्धारित प्रतिभूति राशि के अतिरिक्त कोई अन्य वस्तु जैसे-- हॉटप्लेट, प्रेशर कूकर, उपभोक्ताओं को चाय, चावल, चीनी, दाल, माचिस और साबुन इत्यादि लेने को मजबूर करने की शिकायत मिलने पर गैस एजेन्सी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी तथा जुर्माना से लेकेर लाईसेंस निलम्बित /निरस्त करने तक की कार्यवाही की जायेगी।

उपभोक्ता सुरक्षा

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अन्तर्गत राज्य स्तर पर राज्य आयोग एवं जिला स्तर पर सभी जिलों में जिला मंचों का गठन किया हुआ है। जयपुर जिले में एक अतिरिक्त पूर्णकालिक मंच का गठन किया गया हैं। इस प्रकार वर्तमान में सभी 32 जिलों में पूर्णकालीन जिला मंच गठित है।

जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने हेतु कार्यवाही :

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा चोरबाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, 1980 केतहत कार्यवाही कर आवश्यक वस्तुओं की उचित मूल्य पर वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से रखने हेतु निरन्तर निगरानी की व्यवस्था है। इस कार्यवाही के तहत अप्रैल, 2010 से सितम्बर, 2010 तक 177 छापे मारकर 125.43 लाख रूपये की आवश्यक उपभोक्ता सामग्री जब्त की गयी। 89 व्यापारी के अदालत में चालान प्रस्तुत किये गये।

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत राज्य में वर्ष 2010–11 के सितम्बर, 10 तक की गई कार्यवाही का मानचित्र परिशिष्ठ – 5 पर संलग्न है।

उपभोक्ता संरक्षण

उपभोक्ता आन्दोलन को गति प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किये गये हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है–

निर्धन/अक्षम उपभोक्ताओं के लिए विधिक सहायता योजना :

उपभोक्ता संरक्षण कानून की सार्थकता निर्धन/अक्षम उपभोक्ता को इस कानून का लाभ प्रदान करने में निहित है। वैधानिक रूप से वकील की अनिवार्यता नहीं होने के बावजूद उपभोक्ता मामलो में वकील उपभोक्ता मंचों में उपस्थित हो रहे है। इन परिस्थितियों में ऐसे निर्धन/अक्षम उपभोक्ता जो कि वकील का खर्च वहन करने में असमर्थ है, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जा रही हैं।

